ड्राईविंग लाईसेंस में परिवर्धन (ऐडीशन)

I आधार

ड्राईविंग लाईसेंस धारण करने वाला कोई व्यक्ति किसी अन्य श्रेणी के मोटर वाहन को चलाने के लिए तब तक अधिकृत् नहीं है जब तक कि उसने उक्त श्रेणी का ऐडीशन अपने ड्राईविंग लाईसेंस में संबंधित लाईसेंसिंग ऑथोरिटी से नहीं करवा लिया हो।

II प्रक्रिया

ड्राईविंग लाईसेंस में किसी वाहन की अतिरिक्त श्रेणी जोड़ने (ऐडीशन) के लिए आवेदन उस क्षेत्र में, जिसमें प्रार्थी सामान्यतया निवास करता है या व्यवसाय करता है, अधिकारिता रखने वाले लाईसेंसिंग ऑथोरिटी को प्ररूप 8 में निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए स्वयं उपस्थित होकर करेगाः–

1. वैध लर्निंग लाईसेंस (मूल)

2. वैध ड्राईविंग लाईसेंस (मूल)

3. यदि परिवहन यान को जोड़ने हेतु आवेदन है तो प्रपत्र 5 में मोटर ड्राईविंग स्कूल का ड्राईविंग–सर्टिफिकेट

4. केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 32 के अनुसार फीस –
   फॉर्म 6 में ऐडीशन पर – 30 रूपये
   फॉर्म 7 में ऐडीशन पर – 200 रूपये
   ड्राईविंग टैस्ट की फीस– 50 रूपये

नियमानुसार प्राप्त आवेदन के साथ प्रार्थी द्वारा ड्राईविंग टैस्ट उत्तीर्ण करने पर संबंधित लाईसेंसिंग ऑथोरिटी द्वारा प्रार्थी के ड्राईविंग लाईसेंस में मोटर वाहन की वह अतिरिक्त श्रेणी जोड़ दी जाएगी जिसके लिए उसने आवेदन किया है।

(प्ररूप–8 (नियम 17 (1) देखिये)
चालन अनुज्ञप्ति में यान के नये वर्ग जोड़ने के लिए आवेदन

सेवा में,
अनुज्ञापन अधिकारी
....

मैं. श्री/श्रीमती/कुमारी .... संलग्न अनुज्ञप्ति में निम्नलिखित वर्ग/वर्गों के मोटर यानों को जोड़ने के लिए आवेदन कर रहा/रही हूं।

(क) बिना गियर वाली मोटर साइकिल	(ख) गियर वाली मोटर साइकिल
(ग) अशक्त यात्री गाड़ी	(घ) हल्का मोटर यान
(ड.) (परिवहन यान)	(च) मध्यम यात्री मोटर यान
(छ) भारी माल यान लोपित)	(ज) भारी यात्री मोटन यान लोपित)
(झ) रोड़ रोलर	(ण) निम्नलिखित वर्णन का मोटरयान

मैं, ...
(क) प्ररूप–1 में चिकित्सीय प्रमाण पत्र (ख) प्ररूप–3 में शिक्षार्थी अनुज्ञप्ति
(ग) प्ररूप 6/7 में चालन अनुज्ञप्ति
(घ) प्ररूप में मैं चाला प्रमाण पत्र संलग्न करता हूं। आवेदन परिवहन यान चलाने के लिए है।
(ड) मैने .... रूपये की फीस का संदाय कर दिया है।

तारीख .... आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठा निशान

चालन योग्यता का परीक्षण का प्रमाण–पत्र

आवेदक केन्द्रीय मोटर नियम, 1989 के नियम 15 में विनिर्दिष्ट परीक्षण में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण हो गया है .... (यहां यान का वर्णन करें) पर तारीख .... को परीक्षण किया गया था।

परीक्षण प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम और पदाभिधान